भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 57

जिसका उत्तर 29.01.2026 को दिया जाना है

भारतमाला परियोजना का रोडमैप

57. श्री तापिर गाव:
श्री दिनेशभाई मकवाणा:
श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:
श्री राजीव प्रताप रूडी:
श्री दिलीप शइकीया:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतमाला परियोजना चरण-I के अंतर्गत निर्मित सड़कों की लंबाई और प्राप्त किए गए लक्ष्य के प्रतिशत सहित वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) दिसंबर 2025 तक कुल राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की लंबाई कितनी है और वर्ष 2014 से प्रवेश-नियंत्रण वाले एक्सप्रेसवे में कितनी वृद्धि हुई है;

(ग) सोनमर्ग सुरंग और द्वारका एक्सप्रेसवे सहित वर्ष 2019 से 2025 के दौरान झारखंड सहित देश में उद्घाटन की गई प्रमुख राजमार्ग और सुरंग परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) झारखंड सहित देश में भारतमाला परियोजना के द्वितीय चरण के लिए पूंजीगत व्यय का कितना लक्ष्य प्राप्त किया गया और उसकी रूपरेखा क्या है; और

(ङ) असम में बैहाटा चारियाली (कामरूप) से मिशन चारियाली, तेजपुर (सोनीतपुर) तक प्रस्तावित राजमार्ग को दो लेन से चार लेन (132 किमी) तक विस्तारित करने के संबंध में क्या प्रगति हुई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) भारत सरकार द्वारा वर्ष 2017 में संपर्कता में सुधार और देश में लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए 34,800 किमी की लंबाई वाली भारतमाला परियोजना को मंजूरी दी गई थी। दिसंबर 2025 तक, 26,425 किमी की लंबाई को कवर करने वाली परियोजनाओं को सौंप दिया गया है और 21,783 किमी का निर्माण पूरा किया जा चुका है।

(ख) दिसंबर 2025 तक कुल राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की लंबाई 1,46,342 किमी है। पहुंच नियंत्रित राजमार्ग/एक्सप्रेसवेज की लंबाई 2014 में 93 किमी से बढ़कर 2025 में 3,498 किमी हो गई है।

(ग) 2019 से 2025 के दौरान झारखंड राज्य सहित देश भर में 13,178 किमी की लंबाई को कवर करते हुए भारतमाला परियोजना के तहत कुल 236 परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया था। द्वारका एक्सप्रेसवे और सोनमार्ग सुरंग परियोजना के उद्घाटन का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लंबाई किमी में	उद्घाटन की तिथि
1	द्वारका एक्सप्रेसवे पैकेज 1	5.9	17-08-2025
2	द्वारका एक्सप्रेसवे पैकेज 2	4.2	17-08-2025
3	द्वारका एक्सप्रेसवे पैकेज 3	10.2	11-03-2024
4	द्वारका एक्सप्रेसवे पैकेज 4	8.8	11-03-2024
5	सोनमर्ग सुरंग परियोजना	12.0	13-01-2025

(घ) भारतमाला परियोजना के चरण-I के तहत परियोजनाओं की नई मंजूरियां बंद कर दी गई हैं। इसके अतिरिक्त, भारतमाला परियोजना चरण-II नाम से कोई अनुमोदित कार्यक्रम नहीं है।

(ङ) गुवाहाटी के निकट बैहाटा चारियाली से तेजपुर तक मंगलदोई बाईपास को छोड़कर एनएच-15 के विकास के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य उन्नत चरण में है। कार्यान्वयन और निवेश के निर्णय डीपीआर के परिणाम, मानदंडों की पूर्ति, संपर्कता की आवश्यकता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिए जाते हैं।

इसके अतिरिक्त, उपरोक्त कॉरिडोर पर मंगलदोई बाईपास परियोजना का कार्य 59% की वास्तविक प्रगति के साथ निर्माणाधीन चरण में है।

*****